# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांकः** शिविरा/मा/माध्य/मा–द/अंग्रेजी माध्यम/प्रवेश/66181/2022–23/(E FILE-02360) **दिनांकः यथा हस्ताक्षर**

**संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा**
**समस्त मण्डल ।**

**अति–आवश्यक**

**विषयः–** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)/राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में सत्र 2025–26 में विद्यार्थियों के नव प्रवेश के संबंध में।

**प्रसंगः–** इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 16.06.2025 (राजकाज रेफरेन्स न. 15889374)

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगान्तर्गत लेख है कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)/ राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में तथा इन अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संचालित पूर्व प्राथमिक बाल वाटिका कक्षाओं में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु अभिभावकों/विद्यार्थियों से दिनांकः 07.05.2025 से दिनांक 15.06.2025 तक शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भरवाये गये। इन प्राप्त आवेदनों के संबंध मे दिनांक 17.06.2025 को ऑनलाईन लॉटरी निकाली जा चुकी है। लॉटरी उपरान्त चयनित विद्यार्थियों द्वारा संबंधित विद्यालय मे दिनांक 05.07.2025 तक प्रवेश लिया जाना है।

उक्त ऑनलाईन आवेदनों की प्रक्रिया मे ऐसे महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा इन अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों मे संचालित पूर्व प्राथमिक बाल वाटिका कक्षाएं, जिनमें मानदण्डानुसार निर्धारित/उपलब्ध कक्षावार रिक्तियों (सीट्स) की संख्या मे कम आवेदन प्राप्त हुए है**, <u>दिनांक 05.07.2025 उपरान्त</u>** उन अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों/बाल वाटिका कक्षाओं की शेष रही रिक्तियों (सीट्स) **पर ऑफलाईन/ऑनलाईन प्रवेश** करवाये जाने के संबंध मे निम्नानुसार आगामी कार्यवाही संपादित की जानी है :–

| क्र.स. | आगामी की जाने वाली कार्यवाही | निर्धारित तिथि/समयावधि |
|---|---|---|
| 1 | पूर्व प्राथमिक/बाल वाटिका कक्षाओं की शेष रही रिक्तियों के संबंध मे ऑफलाईन/ऑनलाईन आवेदन लिया जाना। | सत्र पर्यन्त तक |
| 2 | अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की कक्षा–01 से 08 तक की कक्षाओं की शेष रही रिक्तियों के संबंध मे ऑफलाईन/ऑनलाईन आवेदन लिया जाना। | सत्र पर्यन्त तक |
| 3 | अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की कक्षा–09 से 12 तक की कक्षाओं की शेष रही रिक्तियों के संबंध मे ऑफलाईन/ऑनलाईन आवेदन लिया जाना। | शिविरा पंचांग 2025–26 में सामान्य हिन्दी विद्यालयों मे विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु उल्लिखित प्रावधानों तथा विभागीय दिशा–निर्देशों के अनुसार। |

उपरोक्तानुसार अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों मे शेष रही सीटों पर ऑफलाईन/ऑनलाईन आवेदन लिये जाकर ''पहले आओ–पहले पाओ'' के आधार पर विद्यालयों मे प्रवेश करवाया जाना है अर्थात जिस विद्यालय की संबंधित कक्षा मे सीटें रिक्त रही है उन कक्षाओ मे प्रवेश हेतु अब आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को संबंधित विद्यालय आवंटित किया जाना है ताकि विद्यार्थी/अभिभावक द्वारा सीधे ही संबंधित विद्यालय मे प्रवेश के लिए दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रवेश ले सके।

**उक्त कार्यवाही मे इस कार्यालय के पत्र दिनांक 21.07.24 के क्रम में निर्धारित सीटों की संख्या से 50 प्रतिशत अधिक अथवा विद्यालय मे स्थान/कक्षा–कक्षों की उपलब्धता के अनुसार प्रवेश किये जाने के निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों का प्रवेश करावें।**

**शेष शर्ते विभागीय दिशा–निर्देश दिनांक 02.05.2025 अनुसार यथावत् रहेगी।**

**(आशीष मोदी)**
**आई.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ) समसा

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

**1-** विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।

**2-** निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर।

**3-** राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, शिक्षा संकुल जयपुर।

**4-** शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।

**5-** वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.), राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एनआईसी), शिक्षा संकुल, जयपुर।

**6-** समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी (मु.), माशि. व प्राशि/अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा/मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी /पीईईओ/यूसीईईओ/संस्था प्रधान।

**7-** उप निदेशक (शाला दर्पण प्रकोष्ठ), राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, शिक्षा संकुल, जयपुर इस हेतु राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एनआईसी), शिक्षा संकुल, जयपुर से सम्पर्क स्थापित किया जाकर संबंधित ऑनलाईन मॉड्यूल के माध्यम से आगामी कार्यवाही की जाकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करावे।

**8-** सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।

उप निदेशक(महात्मा गाँधी विद्यालय)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified

Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :26-06-2025 03:40:58

RajKaj Ref No.: 16130721